








# रीवा पहुंचे कांग्रेस के सह प्रभारी ने टटोली संगठन की नब्ज

## बैठक में दी नसीहत, अनुशासनहीनता करने वाले पदाधिकारी के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी रणविजय सिंह लोचव रीवा पहुंचे और संगठनात्मक समीक्षा बैठक ली. जहा संगठन को मजबूत बनाने के साथ बूथ स्तर पर भाजपा की जन विरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया. प्रदेश के सह प्रभारी ने साफ शब्दों में कहा कि अनुशासनहीनता करने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी.**

बैठक में श्री लोचव ने संपूर्ण विधानसभाओं के विधानसभा प्रभारियों, ब्लॉक अध्यक्षों की ब्लॉक, मण्डलम, पंचायत, नगर एवं वार्ड कमेटियों तथा बीएलए-2 की वन टू वन समीक्षा की, सभी उपस्थित प्रभारियों एवं पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक मे बताया कि हमारे यहां सम्पूर्ण कमेटियों का गठन हो चुका है और कमेटी मे शामिल सभी पदाधिकारियों का सत्यापन किया जा चुका है. साथ ही अधिकांश मण्डल स्तर पर संगठनात्मक बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं. बैठक में श्री लोचव ने कहा कि संगठन जब तक सुदृढ़ नही होगा, तब तक हम केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को सत्ता से नही हटा पाएगें. इस लिये हम सब की जिम्मेदारी है कि कमेटियों का निर्माण कर उन्हे सक्रिय करें तथा बूथ स्तर तक जहां हम भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के कारण किसान, मजदूर, छात्र, युवा, महिलाये सभी वर्ग प्रताड़ित हैं, उसकी जानकारी आमजन को दें. बैठक में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला संगठन प्रभारी रामलखन पटेल, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, जिला संगठन महासचिव एड0 रवि तिवारी, शहर संगठन सचिव सज्जन पटेल मौजूद रहे.



### पार्षदों से वन-टू-वन की गई चर्चा

कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी श्री लोचव ने नगर निगम के पार्षदों से वन-टू-वन चर्चा की. अलग-अलग पार्षदों को बुलाया गया, चार पार्षद बैठक में नही पहुंचे. दरअसल पार्षदों की नाराजगी चल रही थी और अलग-अलग बयानबाजी की जा रही थी. जिसको लेकर श्री लोचव ने पार्षदों से अकेले में चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी. साथ ही सख्त लहजे में कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी हालत में बर्दास्त नही की जाएगी. सभी पदाधिकारियों को अनुशासन मे रहने की नसीहत दी और कहा कि यदि पार्टी का कोई पदाधिकारी अनुशासनहीता करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी, क्योंकि बिना अनुशासन हम पार्टी को मजबूत नही कर सकतें.

## संक्षिप्त

### टीएल बैठक आज

**रीवा**. टीएल बैठक में तीन अगस्त को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी टीएल पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवदनों के निराकरण सहित अन्य विषयों की समीक्षा करेंगे. बैठक में सभी सबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### कक्षा -6 में प्रवेश के लिए आवेदन अब 7 तक

**रीवा**. पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2027-28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 7 अगस्त तक भरे जा सकते हैं. पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर अब 7 अगस्त कर दिया गया है. इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं. इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए. जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ऐसे विद्यार्थी 7 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**रीवा**. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. प्रशिक्षण का उद्देश्य नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभागीय योजनाओं, सेवाओं एवं दायित्वों की व्यापक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें अपने कार्यों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु दक्ष बनाना था. सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई), पूरक पोषण आहार, गर्भवती एवं धात्री माताओं की देखभाल, किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण, पोषण ट्रैकर का संचालन, अभिलेख संधारण, गृह भ्रमण, समुदाय सहभागिता, व्यवहार परिवर्तन संचार, महिला एवं बाल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा महिला एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई.



### सड़कों में घूम रहे गोवंशो को नगर निगम ने पकड़ा

**रीवा**. निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम द्वारा शहर में आवारा मवेशियों के कारण यातायात बाधित होने तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए विशेष अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त क्षेत्रों में रात्रिकालीन अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित लक्ष्मण बाग गौशाला भेजा जा रहा है. इसी क्रम में 31 जुलाई की रात्रि में नीम चैराहा से यूनिवर्सिटी रोड तक विशेष अभियान चलाकर सड़क पर विचरण कर रहे 15 आवारा मवेशियों को पकड़ा गया तथा सभी मवेशियों को सुरक्षित तरीके से वाहन के माध्यम से लक्ष्मण बाग गौशाला पहुंचाया गया. इसी प्रकार 1 अगस्त की रात्रि में एजी कॉलेज रोड, रेलवे ओवरब्रिज से न्यू बस स्टैंड तक अभियान चलाकर 16 आवारा मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित गौशाला भेजा गया, जहां उनके चारे, पानी एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई है. अभियान के दौरान निगम की टीम ने यातायात प्रभावित करने वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्रवाई की.

# विकसित भारत की पहली शर्त 'नशा मुक्त युवा', रीवा से बुलंद हुआ संकल्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, देश की युवा शक्ति को नशे से बचाकर राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया. अभियान अगले 100 सप्ताह तक जन-आंदोलन के रूप में चलेगा.**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर तथा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में 'माय भारत' और एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त समाज का संकल्प लिया. कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा ऊर्जा ही भारत का सबसे बड़ा सामर्थ्य है. विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को नशे से बचाना आवश्यक है. जब देश का युवा संकल्प लेता है तो असंभव को भी संभव कर सकता है. उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जन-जन का आंदोलन है. अगले 100 सप्ताह तक स्कूल, कॉलेज, सामाजिक एवं युवा संगठन इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को दीमक की तरह खोखला करता है.



भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा शक्ति है और यदि युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लगे तो भारत को दुनिया की अग्रणी शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता. नशामुक्त युवा शक्ति ही विकसित भारत का अधार है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर शुरू हुआ यह 100 सप्ताह का अभियान रीवा और पूरे विंध्य के गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाया जाएगा. रीवा इस अभियान में उदाहरण प्रस्तुत करे.

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. महेंद्रमणि द्विवेदी, कुलसचिव मौजूद रही.

### समाज में जागरूकता जरूरी है : जनार्दन

सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को केवल कानून और पुलिस के भरोसे समाप्त नहीं किया जा सकता. इसके लिए परिवार और समाज में जागरूकता जरूरी है. उन्होंने युवाओं से अभियान का 'ब्रांड एंबेसडर' बनने का आह्वान करते हुए कहा कि माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद बढ़े तथा परिवार में आपसी दूरी कम हो तो युवाओं को नशे की ओर जाने से काफी हद तक रोका जा सकता है. स्वागत उद्बोधन में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेंद्र कुड़रिया ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने के केंद्र नहीं, यह चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने वाला संस्थान भी हैं.

# जमीन विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी गांव में जमीनी विवाद के चलते दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई.**

इस दौरान एक पक्ष से पांच लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कर दी गई है. घायल भगवानदास गुप्ता निवासी पहाड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 वर्ष पूर्व उसने परिवार के लोगों से ही एक जमीन पहाड़ी बाजार में ही खरीदी थी. भगवान दास ने बताया कि इसी जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसका विरोध मुकेश गुप्ता रामचरित गुप्ता सहित उनके परिवार के लोगों ने किया और मारपीट शुरू कर दी. भगवान दास ने बताया कि आरोपियों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया और खरीदी गई जमीन पर भवन निर्माण के लिए रोक लगा दी गई. भगवान दास ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व उसने जमीन खरीदी थी जिसकी रजिस्ट्री पट्टा सब उसके नाम है इसके बावजूद भी आरोपियों द्वारा उक्त भूमि पर निर्माण कार्य नहीं करने दिया जा रहा और मारपीट की जा रही है.

# कबाड़ी मोहल्ले में तड़के पुलिस की दबिश, कुछ खास नहीं लगा हाथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, रीवा आईजी गौरव राजपूत एवं एसपी डॉ. गुरकरन सिंह के द्वारा जिले में चलाए जा रहे नशे विरोधी अभियान के तहत आज तड़के रीवा शहर की तीन थानों की पुलिस एक साथ नशे के अड्डे कहे जाने वाले कबाड़ी मोहल्ले में दबिश दी.**

इस दौरान पुलिस ने कई घरों की तलाशियां ली. हालांकि पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा है लेकिन पुलिस की इस छापेमार करवाई से नशे के कारोबारी में हड़कंप जरूर मच गया है. मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीएसपी ऋतु उपाध्याय के मार्गदर्शन में सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल, चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला और अमहिया थाना प्रभारी मनोज गौतम के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें गठित कर भारी पुलिस बल के साथ तड़के तकरीबन 6 बजे कबडी मोहल्ले को चारों तरफ से घेराबंदी कर दबिश दी गई. इस दौरान कई घरों की तलाशी ली गई लेकिन पुलिस के हाथ कुछ खास नहीं लगा है.

हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान भगदड़ की स्थिति जरूर निर्मित रही और नशे के कारोबारी में हड़कंप मचा रहा. अचानक हुई पुलिस की छापेमारी से कबाड़ी मोहल्ले में सनसनी फैल गई. बताया गया है कि नशे के कारोबारी का यह प्रमुख अड्डा है जहां पुलिस ने आज तड़के दबिश दी. लेकिन पुलिस के हाथ कुछ

### युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ

रीवा, 2 अगस्त, मेरा युवा भारत रीवा द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत प्रथम कंप्यूटर रमागोविंद पैलेस में नशामुक्ति संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के युवाओं को नशामुक्ति की लाइव शपथ दिलाई गई, जिसका सीधा प्रसारण उपस्थित युवाओं ने उत्साहपूर्वक देखा तथा स्वयं भी नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया.

# स्वागतम लक्ष्मी अभियान के तहत जन्मी बेटियों का किया गया सम्मान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित 'स्वागतम लक्ष्मी अभियान' के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय बिछिया, रीवा के प्रसूति वार्ड में जन्मी बालिकाओं के स्वागत एवं सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम के दौरान नवजात बालिकाओं के जन्म पर उत्सव मनाते हुए उनकी माताओं एवं परिजनों का सम्मान किया गया



तथा उन्हें बेटी के जन्म की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई. महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रत्येक नवजात बालिका के लिए सम्मान स्वरूप स्वच्छता किट प्रदान की गई. इस अवसर पर एक ही दिवस में कुल 11 नवजात बालिकाओं को स्वच्छता किट वितरित कर उनके परिवारों का अभिनंदन किया गया तथा बेटियों का लक्ष्मी स्वरूप स्वागत किया गया. यह गतिविधि महिला एवं बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक माह जिला चिकित्सालय बिछिया, रीवा में संचालित की जाती है. अभियान के माध्यम से अस्पताल में जन्म लेने वाली बालिकाओं का स्वागत, उनकी माताओं का सम्मान तथा नवजात शिशु एवं मातृ स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाता है.

### प्लाट आवंटन के लिए 15 तक अवसर

रीवा, 2 अगस्त, जिले के औद्योगिक विकास के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में औद्योगिक विकास किया जा रहा है. त्योंथर तहसील के घूमा कटरा में विकसित किये जा रहे. औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को नई इकाईयों की स्थापना के लिए जमीन के प्लाट आवंटन की कार्यवाही एक अगस्त से 15 अगस्त तक ऑनलाइन की जा रही है. उक्त जानकारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने देते हुए लाभ लेने की अपील की है.

# 80 लाख की चोरी के संदेहियों तक पहुंची पुलिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर में रिटायर्ड शिक्षक के घर में हुई बड़ी चोरी के मुख्य संदेहियों तक पुलिस पहुंच गई है.**

मामले में चार लोगों को पकड़ कर पूछताछ की गई है आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया है जिनके कब्जे से लाखों के जेवरात भी जप्त किए गए हैं. जल्द ही पुलिस इसका खुलासा करेगी. गौरतलब है कि करीब दो सप्ताह पूर्व रीवा जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर निवासी लाल बहादुर सिंह के निवास में सेंधमारी कर तकरीबन 85 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया था. घटना के बाद इलाके में सनाका पसर गया था और पुलिस अधीक्षक डा. गुरकरन सिंह ने चोरी का पर्दाफाश करने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की थी. जिसके बाद इन्हीं टीमों ने संदेह के आधार पर रीवा और मऊगंज जिले से चार बदमाशों को उठाया. जिन्होंने पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया है. बताया गया है कि आधा दर्जन की संख्या में बदमाशों ने वारदातों को अंजाम दिया था.

पकड़े गए आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है जबकि उनके दो साथियों की तलाश पुलिस कर रही है.

# सावन के पहले सोमवार को शिवालय में लगेगा भक्तों का तांता

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, सावन का पहला सोमवार 3 अगस्त को है, सोमवार तड़के चार बजे से ही भगवान शिव के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगेगी.**

सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे. बड़ी संख्या में श्रद्धालु सावन सोमवार का व्रत भी रखेंगे. मंदिरों में महाआरती, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, शिव चालीसा और भजन कीर्तन होंगे. कई श्रद्धालु नंगे पैर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे.



घरों में भी सुबह स्नान के बाद शिवलिंग का जलाभिषेक, दीप प्रज्वलन, शिव चालीसा और महामृत्युंजय मंत्र का पाठ किया जाएगा. महिलाएं परिवार की सुख समृद्धि और अविवाहित युवतियां योग्य वर की कामना से सावन सोमवार का व्रत रखेंगी. पहले सोमवार को लेकर भगवान महामृत्युंजय मंदिर, मनोकामेश्वर महादेव, पंचमठ धाम, झिरिया शिव मंदिर, देवतालाब, कष्टहरनाथ महादेव, धडेश्वर महादेव सहित जिले के प्रमुख शिवालयों में विशेष तैयारियां की गई है. मंदिरों को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है. भीड़ को देखते हुए नगर निगम ने शहर के प्रमुख मंदिरों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाएं करने की तैयारी की है. वहीं पुलिस प्रशासन ने यातायात और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की योजना बनाई है.

# भाइयों के विवाद को शांत कराने पहुंचे चाचा-चाची पर हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़री में दो भाइयों के बीच में हो रहे विवाद को शांत करने पहुंचे चाचा-चाची और बहन के ऊपर आरोपियों ने हमला कर दिया.**

घायलों को उपचार के लिए सिरमौर अस्पताल लाया गया है पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. घटना के संबंध में घायल छोटेलाल लोनिया निवासी पड़री ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह उसका भतीजा गाय बांध रहा था इसी दौरान दूसरा भतीजा सुरेंद्र और दीपक ने मिलकर उसके साथ विवाद शुरू कर दिया. दोनों भाइयों के बीच हो रहे विवाद को जब वह शांत करने पहुंचा तो दीपक और सुरेंद्र सहित उसके घर के अन्य सदस्यों ने मिलकर उनके ऊपर हमला कर दिया. छोटे लाल को पिटता देख उसकी पत्नी और बच्चिया भी मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत कार्य में जुटा नगर निगम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 अगस्त, शहर के अंदर नगर निगम की क्षतिग्रस्त सड़कों एवं जर्जर मार्ग को दुरस्त करने का काम किया जा रहा है.**

इसी क्रम में रविवार को जोन क्रमांक 1 के वार्ड 38 अशोक नगर गली नंबर 2 में स्थित रोड पर बने गड्ढों में सीआरएम डालकर सड़क को मोटरेबल



बनाने का कार्य किया गया. इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 1 टाइगर रिजर्व सफारी रोड से नदी घाट तक एवं वार्ड क्रमांक 2 दोही रोड से पाण्डेय बस्ती तक डब्लूबीएम पैच वर्क का कार्य कराकर क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर वॉर्डवासियो के लिए सुविधा जनक आवागवन हेतु कार्य कराया गया.

निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शहर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा जहां भी सड़क क्षतिग्रस्त हो या जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.

### आवेदन 14 तक आमंत्रित

रीवा, 2 अगस्त, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रीवा में प्रशिक्षण देने के लिए अतिथि व्याखाताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं. प्रशिक्षण केन्द्र में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों को राज्य सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी तथा अन्य परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है. इस लिये समय पर आवेदन करे.